RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

थोड़ी मुश्किल है अभी, जरा लीजिए झेल।
जून-जुलाई में नहीं, अब निकलेगा तेल।
अब निकलेगा तेल, हमारा करें भरोसा।
वर्ना हमको बेच, गटकना चाय-समोसा।
कह साहिल कविराय, पक्षियों की लें जोड़ी।
जरा लीजिए झेल, अभी मुश्किल है थोड़ी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 108 | TUESDAY DATE 12-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें



### चंबा में गहरी खाई में गिरी कार, 6 लोगों की मौत, 4 गंभीर

**शिमला, यूटर्न/ 11 मई।** हिमाचल प्रदेश के चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तुनुहट्टी क्षेत्र के काकीरा घार के पास रात करीब तीन बजे हुआ, जब धर्मशाला से डलहौजी की ओर जा रही एक टैक्सी इनोवा अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुरूआती जानकारी के मुताबिक वाहन में कुल दस लोग सवार थे। इनमें अधिकांश पर्यटक गुजरात के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी, जिसके चलते सड़क पर फिसलन थी। आशंका जताई जा रही है कि खराब मौसम और फिसलन हादसे का कारण हो सकती है। लोगों ने हादसे की आवाज सुनकर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी।

### चुनाव खत्म होते ही सरकार को याद आया 'संकट': अखिलेश

**लखनऊ, यूटर्न/ 11 मई।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार को 'संकट' याद आ गया। उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संकट भाजपा ही है और केंद्र सरकार की हालिया अपीलें उसकी आर्थिक व नीतिगत विफलताओं को उजागर करती हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि इतनी पाबंदियां लगानी पड़ रही हैं तो पांच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के हाथ से आर्थिक व्यवस्था की लगाम छूट चुकी है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और रुपया कमजोर होता जा रहा है।

## रेखा गुप्ता ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर दी शुभकामनाएं, कहा-यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर एक भावनात्मक संदेश साझा करते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सोमनाथ पुनर्निर्माण के 75 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के इस पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में पूरा राष्ट्र इस ऐतिहासिक पर्व को मना रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'सोमनाथ पुनर्निर्माण के 75 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आज सम्पूर्ण राष्ट्र सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री ने श्री सोमनाथ मंदिर में पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया। यह केवल एक मंदिर के पुनर्निर्माण की यात्रा नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना, सांस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्रीय आत्मगौरव के पुनर्जागरण का अमर प्रतीक है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर के लाइव प्रसारण में सम्मिलित हुई और चांदनी चौक स्थित प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से समस्त देशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की।

# दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती : मोदी

**प्रधानमंत्री ने दो दिवसीय गुजरात दौरे पर सोमनाथ में रोड शो किया और सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की**



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सोमनाथ अमृत महोत्सव में ऐसा बयान दिया, जिसने देशभर में राजनीतिक और सामाजिक चर्चा तेज कर दी है। दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे ढट मोदी ने गिर सोमनाथ में भव्य रोड शो किया और प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना और कुंभाभिषेक में हिस्सा लिया। इसके बाद एक जनसभा में प्रधानमंत्री ने भारत की सांस्कृतिक ताकत, सनातन परंपरा और देश के आत्मसम्मान का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती। दबाव में नहीं ला सकती। इतिहास में कई आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर को मिटाने की कोशिश की, लेकिन वे कभी सफल नहीं हो पाए क्योंकि भारत की आत्मा और उसकी संस्कृति को खत्म नहीं किया जा सकता।

अपने भाषण में 11 मई 1998, यानि आज के ही दिन, परमाणु परीक्षण को भी याद किया। उन्होंने कहा 11 मई को पहले तीन परमाणु परीक्षण किए। हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को, वैज्ञानिकों ने दुनिया के सामने रखा, दुनिया में तूफान आ गया। भारत, उसकी ये हैसियत, कौन होता है भारत, जो परमाणु परीक्षण करें और दुनिया की आंखें लाल हो गई, दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के बंधन लग गए। आर्थिक संकट की संभावनाओं के रास्ते सारे के सारे बंद कर दिए गए। कोई भी हिल जाता। जब दुनिया भर की बड़ी-बड़ी शक्तियां इतना बड़ा आक्रमण कर दे, तो आगे के रास्ते दिखते नहीं है। लेकिन हम कोई और मिट्टी के बने हुए हैं। 11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी।

### शीर्ष उद्योगपतियों ने पीएम मोदी की अपील का किया समर्थन, कहा- इससे मजबूत होगा भारत

शीर्ष उद्योगपतियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने ईंधन का उपयोग कम करने और विदेशी मुद्रा को बचाने की अपील की थी। उद्योगपतियों ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस अपील से भारत को मजबूती मिलेगी और विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षा रखा जा सकेगा। टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने वैश्विक अस्थिरता के इस दौर में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आत्मनिर्भरता और विवेकपूर्ण उपभोग पर दिए गए बयान का समर्थन किया। वहीं, भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने भी प्रधानमंत्री की इस अपील का समर्थन करते हुए वर्तमान दौर को भारत के लिए आर्थिक अनुशासन और घरेलू शक्ति पर और अधिक ध्यान केंद्रित करने का अवसर बताया।



### प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर भड़के राहुल, बोले 'उपदेश नहीं, सरकार की नाकामी के सबूत'

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया संबोधन पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता को त्याग और बचत की सलाह देना सरकार की विफलता को दर्शाता है। श्री राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा, 'मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो और घर से काम करो। ये उपदेश नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी के सबूत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों की स्थिति ऐसी हो गई है कि अब सरकार जनता को यह बताने लगी है कि क्या खरीदना है और क्या नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल दी जाती है ताकि सरकार खुद जवाबदेही से बच सके। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, 'देश चलाना अब प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं है।

### मजदूर विरोधी लेबर कोड लागू कर मोदी सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर किया हमला : खरगे

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने 'कायरतापूर्ण तरीके' से 8 और 9 मई 2026 को गजट अधिसूचनाओं के जरिए इन श्रमिक विरोधी कानूनों को लागू किया। श्री खरगे ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि ये कानून करोड़ों मजदूरों के लिए 'हायर एंड फायर', रोजगार और यूनियन अधिकारों में कटौती का रास्ता खोलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना किसी व्यापक चर्चा और श्रमिक संगठनों से सलाह-मशविरा किए इन कानूनों को लागू किया। उन्होंने कहा कि 2015 के बाद से भारतीय श्रम सम्मेलन तक नहीं बुलाया गया और ये श्रम संहिताएं केवल प्रधानमंत्री के 'उद्योगपति मित्रों' को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि वेतन संहिता, 2019 के तहत न्यूनतम मजदूरी तय करने के पुराने मानकों को खत्म कर दिया गया है, जिससे मजदूरों की मजदूरी मनमाने तरीके से तय हो सकेगी। साथ ही नई व्यवस्था में कर्मचारियों की वेतन घटने का खतरा पैदा हो गया है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का एक शंखनाद है : योगी

**» वाराणसी, यूटर्न/ 11 मई।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ महादेव के स्वाभिमान पर्व के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार होते देख रहा है।

उन्होने कहा कि इसका साकार रूप भगवान सोमनाथ महादेव के भव्य मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा, सुंदरीकरण और वहां आयोजित कार्यक्रमों के साथ ही काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक की स्थापना, श्री अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण समेत अनेक सनातन परंपरा से जुड़े पवित्र तीर्थ स्थलों को अपने वैभव के साथ विकास की नई यात्रा पर आगे बढ़ते देख रहे हैं।

योगी ने कहा , 'इन सभी की प्रेरक शक्ति भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन करता हूं।

आज का यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का एक शंखनाद है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन हमें भारत की जड़ों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है।' सोमनाथ स्वाभिमान पर्व एवं अटूट आस्था की गौरव गाथा के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

## दिल्ली सरकार धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है: पर्यावरण मंत्री सिरसा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।**



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों को और मजबूत करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सभी निर्माण और तोड़फोड़ साइट्स पर हाई-डेंसिटी डस्ट स्क्रीन के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार, अब सभी 'सी एंड डी' साइट्स पर इस्तेमाल होने वाले ग्रीन नेट की न्यूनतम मोटाई 100 जीएसएम तय की गई है और सभी प्रोजेक्ट संचालकों को इसका पालन तत्काल प्रभाव से करना होगा। यह महत्वपूर्ण फैसला निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों से होने वाले भारी धूल प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। यह आदेश एयर क्वालिटी मैनेजमेंट आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी धूल प्रदूषण नियंत्रण दिशा-निर्देशों और 'सी एंड डी' परियोजनाओं के निरीक्षण एसओपी के अनुरूप जारी किया गया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली की प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई पूरी गंभीरता और तेजी से आगे बढ़ रही है। हम हर स्तर पर काम कर रहे हैं; नीति बदलाव, वैज्ञानिक उपाय, टेक्नोलॉजी-आधारित मॉनिटरिंग, और सख्त प्रवर्तन के जरिए दिल्ली को प्रदूषण से बचाने के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था तैयार की जा रही है।

नई व्यवस्था एक महत्वपूर्ण पहल से जुड़ी है। पहले भी निर्माण स्थलों और खुले पड़े निर्माण एवं तोड़फोड़ मटेरियल को तिरपाल या ग्रीन नेट से ढकना अनिवार्य था, लेकिन ग्रीन नेट की कोई न्यूनतम तकनीकी गुणवत्ता तय नहीं थी।




## जिला कराटे प्रतियोगिता बाल विकास स्कूल के खिलाड़ियों का दबदबा 9 स्वर्ण सहित जीते 12 पदक

» रवि जैस्ट

कलायत, यूटर्न/ 11 मई। जैन स्नातक मॉडल टाउन में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बाल विकास पब्लिक स्कूल, कलायत के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जिले भर से आए करीब 120 खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए स्कूल के सभी 12 प्रतिभागियों ने पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। टीम ने कुल 9 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक जीतने वालों में काव्या सेजल अनु, खुशी, शहजाद, हैप्पी, अमरजीत, जीवन और कृष शामिल रहे, जिन्होंने अपने-अपने भार वर्ग में प्रतिद्वंदियों को धूल चटाई। इसके अलावा सक्षम ने सिल्वर जबकि तनिष और मनप्रीत ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर गौरव बढ़ाया। विजेता खिलाड़ियों के स्कूल पहुँचने पर प्रबंधन समिति द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक संदीप चहल, कुलदीप चहल और प्रधानाचार्या प्रमिला ने कोच प्रवीण सारसर और खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ओसीईएमएस न लगाने पर 14 फैक्टरियां की सील

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 मई।** ऑनलाइन निरंतर उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) नहीं लगाने वाली गाजियाबाद की 14 फैक्टरियों को सील कर दिया गया। रविवार को जिला प्रशासन, ऊर्जा निगम और पीसीबी की संयुक्त टीम ने अभियान चला कर औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से पिछले दिनों ओसीईएमएस न लगाने वाली औद्योगिक इकाइयों की सूची जारी कर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश जिला प्रशासन को दिए थे। आदेश के बाद अपर जिलाधिकारी विकास कश्यप ने पांच अलग-अलग टीम गठित की, जिसे रविवार को अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्र में भेजा गया। टीम को कई जगह ओसीईएमएस लगे हुए भी मिलेए लेकिन वह चालू स्थिति में नहीं थे। ऐसे में इन फैक्टरियों का विद्युत कनेक्शन काटते हुए इन्हें सील किया गया।

# आवश्यक वस्तुओं की कमी नहीं, अनावश्यक खरीदारी से बचें : राजनाथ

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में पश्चिम एशिया के कारण ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव पर मंथन किया गया। इसके अलावा, बैठक में ईंधन उपलब्धता और आवश्यक वस्तुओं के भंडारण व वितरण व्यवस्था का विस्तृत आकलन किया गया।



सरकार ने यह भरोसा दिलाया कि देशवासियों को किसी भी आवश्यक वस्तु की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम लगातार उठाए जा रहे हैं।

दरअसल, पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका-इजरायल के संघर्ष के कारण विश्व के कई देशों में ऊर्जा की आपूर्ति बाधित हुई है। वहीं, किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए भारत पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इसी के मद्देनजर सोमवार को देश में ऊर्जा आपूर्ति और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के लिए अंतर-मंत्रालयी समूह की पांचवीं बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सवार्नंद सोनोवाल, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू समेत कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति शामिल हुए।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि अंतरराष्ट्रीय तनाव के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस तथा अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। सरकार लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है और किसी भी प्रकार की कमी या बाधा से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। केंद्र और संबंधित एजेंसियां मिलकर ऊर्जा सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती तथा बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए समन्वित प्रयास कर रही हैं।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे शांत रहें व धैर्य रखें और किसी भी प्रकार की घबराहट या अनावश्यक खरीदारी से बचें। सरकार के अनुसार, देश में आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

बैठक में यह भी कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में लोगों से सामूहिक भागीदारी और संसाधनों के संरक्षण की अपील आत्मनिर्भरता तथा ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सुधांशु त्रिवेदी ने पीएम मोदी की अपील पर विपक्ष की आलोचना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण, पूछे सवाल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोना न खरीदने और खाद्य तेल कम इस्तेमाल करने की अपील का विरोध करने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति करने से बचने की सलाह दी।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा विश्व अभूतपूर्व और ऐतिहासिक संकट से गुजर रहा है। मध्य पूर्व, पश्चिम एशिया और यूरोप में युद्ध चल रहा है। थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर भी तनाव है और ताइवान सीमा पर भी तनाव की खबरें आती रहती हैं। ऐसे संकट के समय में, जब पूरे विश्व के सामने न केवल सुरक्षा बल्कि आर्थिक और ऊर्जा संकट भी पैदा हो गया है।



उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि अमेरिका और यूरोप में पेट्रोल के दाम 20 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जबकि अफ्रीकी देशों में यह बढ़ोतरी 60 प्रतिशत तक पहुंच गई है। कैलिफोर्निया में तो पेट्रोल भारतीय करेंसी में 140 रुपए प्रति लीटर में मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सजगता, सतर्कता और सावधानी बरतने का आ'ान किया है। यह हम सभी की आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक है। इस पर विपक्ष के आरोप दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इस समय विपक्ष को अपनी विद्वेषपूर्ण राजनीति से बाज आना चाहिए।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा है, वह सरकार की जिम्मेदारी है।

## धान की सीधी बिजाई एवं संतुलित उर्वरक उपयोग' पर किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




» निर्मल सिंह

पानीपत, यु-टर्न 11 मई चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र , उझा, पानीपत द्वारा आज दिनांक 11 मई 2026 को गांव पालड़ी, जिला पानीपत में 'डीएसआर- धान की सीधी बिजाई एवं संतुलित उर्वरक उपयोग' विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड , पानीपत के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें कुल 47 किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) तकनीक के प्रति जागरूक करना, वैज्ञानिक खेती की जानकारी देना तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग के माध्यम से उत्पादन लागत कम करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत के समन्वयक डॉ. सतपाल सिंह ने किसानों को डीएसआर तकनीक के वैज्ञानिक पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लगातार घटते भूजल स्तर, मजदूरों की कमी तथा बढ़ती खेती लागत को देखते हुए डीएसआर तकनीक धान उत्पादन की एक प्रभावी एवं टिकाऊ विधि बनकर उभर रही है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक रोपाई विधि में जहां धान की पौध तैयार कर रोपाई करनी पड़ती है, वहीं डीएसआर तकनीक में धान की सीधे खेत में बिजाई की जाती है। इस विधि से लगभग 15झ25 प्रतिशत तक सिंचाई जल की बचत होती है तथा डीजल, बिजली और मजदूरी खर्च में भी कमी आती है। उन्होंने कहा कि डीएसआर तकनीक अपनाने से खेतों में लगातार जलभराव नहीं रहता, जिससे मीथेन गैस का उत्सर्जन कम होता है.

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए की पूजा अर्चना

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 11 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जिला कुरुक्षेत्र के पिहोवा के अरुणाय स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर के गर्भगृह में विधि पूर्वक पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान राज्य स्तरीय पर्व कार्यक्रम के दौरान अरुणाय में 101 महिलाओं की कलश यात्रा को रवाना किया। धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच निकाली गई इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



मुख्यमंत्री ने 48 कोस के विभिन्न तीर्थ स्थलों से पहुंचे संत-महात्माओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में अरुणाय लंगर हॉल का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व विषय पर लगाई गई विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत तथा देश की आस्था और स्वाभिमान से जुड़े विभिन्न पहलुओं को आकर्षक चित्रों एवं जानकारियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी नई पीढ़ी को अपने इतिहास एवं संस्कृति से जोडने.का कार्य करती है। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पवित्र तीर्थ स्थल ज्योतिसर पहुंचकर विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने ज्योतिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंडित शंभू दत्त, पंडित भूधर गौतम, पंडित कमल गौतम, पंडित सतीश, पंडित सचिदानंद, पंडित यगदत्त, पंडित नरेश, पंडित शुभम, पंडित पंकज, पंडित रवि, पंडित अरविंद, पंडित चंदन तिवारी, पंडित राजीव, पंडित अजय, पंडित मोंटू, पंडित गंगोत्री, पंडित हितेश शर्मा, पंडित प्रमोद, पंडित हर्ष, पंडित वीरेंद्र, पंडित शुभम को सम्मानित किया।

इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, महंत रविन्द्र पुरी महाराज, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, बंसी पुरी महाराज, भद्रकाली मंदिर पीठाधीश पंडित सतपाल महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र गोल्डी, भाजपा वरिष्ठद नेता जयभगवान शर्मा डीडी, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक वर्षा खांगवाल, एडीपीआर मनीष लोहान एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




## प्रत्येक नागरिक को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हों: पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला

**पानीपत, यूटर्न/ 11 मई।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित समाधान शिविरों में अधिकारियों द्वारा लगातार जनसमस्याएं सुनी जा रही हैं। इसी कड़ी में पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. खोला ने जिला सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर लोगों की शिकायते सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ.सतीश खोला ने कहा कि परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से संबंधित किसी भी नागरिक की समस्या सात दिन से अधिक लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बरवाला में अखिल भारतीय सेवा संघ महिला शाखा ने उत्साहपूर्वक मनाया मातृ दिवस

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 11 मई। अखिल भारतीय सेवा संघ बरवाला महिला शाखा द्वारा मातृ दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक गेम्स के माध्यम से 'बेस्ट मॉम' का चयन किया गया। चयनित माताओं को सम्मान स्वरूप अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में तंबोला और अन्य मनोरंजक खेलों ने सभी का खूब मनोरंजन किया। बाद में 'बेस्ट मॉम' का अवार्ड प्राप्त करने वाली माताओं से केक कटवाकर मातृ दिवस की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर महिला शाखा की संरक्षक वीना चुघ ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है और मातृ दिवस हमें उनके सम्मान और त्याग को याद करने का अवसर देता है। शाखा की प्रधान आशा रहेजा ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सम्मान और एकता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में शाखा की कोषाध्यक्ष निशु वधवा, उपाध्यक्ष रीमा, निर्मल कथूरिया, अनीता भाटिया, अनीता कक्कड़, उषा मदान, सीमा काठपाल, कृष्ण सरदाना, संतोष पाहुजा, ललिता चुघ, प्रीति चुघ, रानी आनंद, सुनीता पठनेजा, उषा रहेजा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# नि:शुल्क इलाज से गरीबों का मसीहा बना कानपुर का नारायना, चेयरमैन अमित डीएम से सम्मानित

» सुनील बाजपेई



कानपुर, यूटर्न/ 11 मई। अनगिनत अन्य के साथ सर्वोत्तम और सस्ती चिकित्सा के रूप में भी समाज सेवा में अग्रणी नारायना हॉस्पिटल अपने कर्तव्य पथ पर लगातार सफलतापूर्वक अग्रसर हो रहा है। अब उसने मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर निर्धन गरीबों के हित में एक और अति सराहनीय पहल शुरू की है, जिसका संबंध उनका निःशुल्क इलाज किए जाने से है।

गरीबों निर्धनों के इलाज के रूप में निःशुल्क सेवा करने वाले देश के गिने-चुने हॉस्पिटलों में से एक नारायना हॉस्पिटल की इस विशेष पहल का उद्देश्य ऐसे जरूरतमंद मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है ,जिन्हें आर्थिक कारणों से इलाज कराने में कठिनाई होती है।

नारायना हॉस्पिटल द्वारा मानसिक रूप से कमजोर एवं आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क उपचार की की सराहनीय और अनुकरणीय पहल के लिए विश्व रेड क्रॉस दिवस पर नारायना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन प्रखर समाज सेवी प्रेसिडेंट अमित नारायन त्रिवेदी को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

जन सेवा के क्षेत्र में उन्हें यह महत्वपूर्ण सम्मान कानपुर के डीएम श्री जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर हर किसी के सुख-दुख में सदैव खड़े होने वाले और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी प्रखर समाज सेवी और नारायना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन अमित नारायन त्रिवेदी ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरी नारायना ग्रुप टीम, डॉक्टरों और उन सभी सहयोगियों का भी है, जो निरंतर समाज सेवा के इस अभियान से जुड़े हैं।

# आंखें बता देती हैं दिल का हाल कितना सच? : एडवोकेट श्वेता शर्मा

» हरियाणा, यूटर्न/ 11 मई।



एडवोकेट श्वेता शर्मा
समाजसेविका, हिसार

इंसान की आंखें उसके चेहरे का आईना होती है उसके मन में क्या है वह बता देती हैं मगर परखने वाले को नजर चाहिए अगर कोई व्यक्ति हावभाव को समझना जानता है, तो वह आंखों से भी अपने सामने वाले व्यक्ति की बात समझ लेता है कुछ लोग हमें जिंदगी में ऐसे मिलते हैं जो अपने मन का हाल किसी से कह नहीं पाते, मगर उनकी आंखें बहुत कुछ कह जाती हैं, दिल का हाल बयां कर देती हैं हम उनके व्यवहार से ही समझ जाते हैं ,कि उनकी मंशा क्या है? और इसके लिए हमारे पास पारखी नजर का होना अत्यंत आवश्यक है.

कहते हैं हर तरह के जज्बात का ऐलान कर देती हैं आंखेंअगर किसी को क्रोध आता है तो वह भी बता देती हैं और प्रेम भी छलका देती हैं आंखें जैसे कि आपने कथकली नृत्य में भी देखा होगा, आंखों के भावों से ही कलाकार जीवन के हर रंग को समझा देते हैं मगर कई बार हम आंखों से भी धोखा खा जाते हैं ,जो कि हमारे लिए खतरनाक साबित होता हैं सच्चे व्यक्ति की आंखों में कभी धोखा नजर नहीं आतो वह आपका साथ लंबे समय तक निभाते हैं हां अगर उनकी कोई मजबूरी ही उन्हे बदलने पर मजबूर कर दे तब तो बात दूसरी है लेकिन जानबूझकर वह किसी के साथ धोखा नहीं करते लेकिन धूर्त व्यक्ति के हाव भावों को समझना अत्यंत आवश्यक होता है ऐसा व्यक्ति मुंह का मीठा बनकर भी आपको बातों बातों में ढग लेता है आपके जज्बातों के साथ खेलता है अतः उसकी आंखों की पहचान करना हमें आना ही चाहिए.

आंखें कभी शोला बन जाती हैं, तो कभी शबनम किसी जमाने में माता-पिता का अपने बच्चों पर आंखों का ही खौफ बहुत होता था, जो आजकल के माता-पिता में और बच्चों में कम ही देखने को मिलता है स्कूल में भी बच्चे पहले अध्यापक की आंखों से ही डर जाया करते थेऔर हर उम्र के व्यक्ति अपने से बड़ों की आंखों का लिहाज किया करते थे जो आजकल की किसी भी पीढ़ी में देखने को नहीं मिलता अब तो ना बच्चे बड़ों की लिहाज करते हैं ,और ना ही बड़े बच्चों को पहले वाला रुबाब दिखाते हैं अब जल्दी से किसी की आंखों को पहचानना आसान नहीं रहा हर व्यक्ति अपने मन में सौ राज छुपा कर घूमता है अब किसकी जिंदगी में क्या चल रहा है?

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन

» निर्मल सिंह



पानीपत, यु-टर्न 11 मई। स्थानीय देवी मंदिर में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विशाल कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण और सनातन संस्कृति की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया।

आज जरूरत केवल धार्मिक आयोजन करने की नहीं, बल्कि अपनी युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं से जोडने की है। परिवार और समाज तभी मजबूत होगा जब हम अपने धर्म और मूल्यों के प्रति जागरूक रहेंगे। सनातन धर्म हमें सेवा, सहयोग, भाईचारा और मानवता का संदेश देता है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज में एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनेंगे और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमें अपनी जड़ों से जुडने और संस्कृति पर गर्व करने की प्रेरणा देता है।

उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि सोमनाथ मंदिर भगवान शिव की अनंत आस्था, भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत और देश की आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि संघर्ष, पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक आत्मविश्वास की प्रेरणादायक गाथा है। इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और मूल्यों से परिचित करवाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

# सोमनाथ मन्दिर भारत की सनातन चेतना, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक : नायब सिंह सैनी

» प्रमोद कौशिक/संजीव कुमारी




पिहोवा, यूटर्न/ 11 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना, अटूट आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक है, जिसने हर आक्रमण, हर संघर्ष और हर विपत्ति के बाद राष्ट्र को पुनः खड़े होने की शक्ति दी है। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र के पिहोवा स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मंदिर कमेटी पदाधिकारियों और संत समाज ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री और उपस्थित श्रद्धालुओं ने सोमनाथ मंदिर में आयोजित विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पूजा करते हुए अपना संबोधन दिया। श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे साधु संतों का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शॉल ओढ़ा कर सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा यह वर्षभर का राष्ट्रीय पर्व भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक जागरण और सभ्यतागत निरंतरता का प्रतीक है।

# अब अंगूठा छाप नहीं बन सकेंगे सैन समाज के प्रधान

## जिला सैन सभा हिसार का ऐतिहासिक फैसला, कार्यकारिणी के सभी पदों के लिए 10वीं पास अनिवार्य

» हरियाणा, यूटर्न/ 11 मई।



हिसार। बदलते दौर में शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत मानते हुए जिला सैन सभा हिसार की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी फैसला लिया है। अब जिला सैन सभा हिसार में प्रधान, महासचिव सहित सभी प्रमुख पदों पर वही व्यक्ति चुनाव लड़ सकेगा, जिसने कम से कम 10वीं कक्षा पास की हो। रविवार देर शाम आयोजित बैठक में प्रधान राममेहर हरिकोट एवं महासचिव नरेश सेलपाड़ की संयुक्त अध्यक्षता में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन को आधुनिक, पारदर्शी और अनुशासित बनाने को लेकर कई अन्य अहम प्रस्तावों पर भी सहमति बनी। यह जानकारी देते हुए जिला सैन सभा के संरक्षक डॉ. राजकुमार दिनोदिया ने बताया कि यह निर्णय हरियाणा सरकार द्वारा पंचायती राज चुनावों में लागू शैक्षणिक योग्यता की तर्ज पर लिया गया है। उनका कहना था कि वर्तमान डिजिटल युग में समाज के नेतृत्वकताओं का शिक्षित होना बेहद आवश्यक है, ताकि वे बजट प्रबंधन, सरकारी योजनाओं, डिजिटल कार्यप्रणाली और समाज के विकास कार्यों को बेहतर तरीके से समझ और संचालित कर सकें। नई व्यवस्था के अनुसार प्रधान, उप-प्रधान, महासचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष तथा अन्य प्रमुख पदों के लिए 10वीं पास होना अनिवार्य रहेगा। हालांकि सलाहकार और अन्य शोभित पदों पर कम पढ़े-लिखे लोगों को भी जिम्मेदारी दी जा सकेगी। वहीं समाज के सदस्य या वोटर बनने के लिए किसी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं होगी। गौरतलब है कि अब तक संगठन में ऐसे लोग भी चुनाव लड़ लेते थे, जो केवल हस्ताक्षर करने योग्य ही थे, क्योंकि किसी प्रकार की न्यूनतम शिक्षा निर्धारित नहीं थी। लेकिन अब इस फैसले के बाद समाज में शिक्षित और जागरूक नेतृत्व को प्राथमिकता मिलेगी। इससे युवाओं में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा और समाज की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बन सकेगी।

बैठक में अनुशासन को लेकर भी कड़ा रुख अपनाया गया। कार्यकारिणी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में समाज की बैठकों में अनुशासनहीनता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा समाज की आर्थिक और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र दिनोदिया के अनुसार शिक्षा अनिवार्यता मामले को आम सभा में भी रखा जाएगा।

# निचले सदन के सदस्यों की संख्या बढ़ाकर 850 करना मजाक : थरूर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा है कि संसद के निचले सदन के सदस्यों की संख्या बढ़ाकर 850 करना एक मजाक है और इससे यह सदन चीन की पीपुल्स कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस का एक देसी संस्करण बनकर रह जाएगा। हालांकि, बीजेपी नेताओं ने उनके इस बयान का विरोध किया। कैलिफोर्निया में आयोजित स्टैंडफोर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026 में भाग लेते हुए बीजेपी नेता तेजस्वी सूर्या ने कहा कि परिसीमन एक लोकतांत्रिक जरुरत है, ताकि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय की जा सके।

उन्होंने संसद की संरचना को स्थिर बनाए रखने को बेतुका बताया। लोकसभा की वर्तमान सदस्य संख्या 543 है। लोकसभा सदस्य तेजस्वी सूर्या ने थरूर के बयान का जवाब देते हुए कहा कि, 1971 की जनसंख्या के आधार पर 2026 में 140 करोड़ लोगों वाले लोकतंत्र की जरुरतों को पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने थरूर के उस उदाहरण का प्रतिवाद किया जिसमें उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस का उल्लेख किया था, जिसकी सदस्य संख्या 1929 से 435 ही बनी हुई है।

थरुर ने कहा कि अमेरिका की जनसंख्या 1929 के बाद तीन गुना बढ़ चुकी है, लेकिन वहां प्रतिनिधि सभा के सदस्यों की संख्या अब भी 435 ही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में बहस और चर्चा जरूरी होती है, जबकि 850 सांसदों वाले सदन में यह संभव नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना गलत है और अगर सरकार चाहे तो मौजूदा संसद में ही एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल फोन की फॉरेंसिक रिपोर्ट से खुलेगा युवती की मौत का मामला

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 11 मई।** अहिंसाखंड स्थित एक सोसायटी में 7 अप्रैल को 15वीं मंजिल से गिरकर हुई युवती की मौत का राज मोबाइल फोन की फॉरेंसिक रिपोर्ट से खुल सकता है। पुलिस को फॉरेंसिक रिपोर्ट मिल चुकी है। सर्विलांस टीम इसका अध्ययन कर रही है। जल्द ही मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है। मामले में युवती के पिता की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म व हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज की थी। सात अप्रैल को युवती की सी ब्लॉक स्थित एक सोसायटी की 15वीं मंजिल से गिरकर मौत होने की बात सामने आई थी। पुलिस की फॉरेंसिक जांच और अब तक की पूछताछ में तमाम बातें सामने आई हैं। आठ अप्रैल को किसान संगठन के लोगों ने आरोप लगाया था कि युवती के परिजनों का 16वीं मंजिल पर रहने वाले युवक से झगड़ा हुआ था। पुलिस की पूछताछ में किसी भी तरह के झगड़े या कहासुनी की पुष्टि नहीं हुई। जिस व्यक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों का आरोप था वह व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ रहता है। पुलिस ने उससे भी पूछताछ की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी ऊंचाई से गिरने पर लगने वाली चोटों के अलावा किसी अन्य तरह की चोट लगना सामने नहीं आया था।

### ठेला लेकर जा रहे पराठा विक्रेता की सड़क हादसे में मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 मई।** लिंकरोड थाना क्षेत्र में वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने ठेले में टक्कर मार दी। हादसे में ठेला ले जा रहे पराठा विक्रेता विजयपाल की मौत हो गई। विजयपाल मूलरूप से संभल के रघुनाथपुर गांव के रहने वाले थे। हादसा 9 मार्च का है, पुलिस ने पराठा विक्रेता के बेटे ओमप्रकाश की तहरीर पर देर रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में ओमप्रकाश ने बताया कि उनके पिता विजयपाल कौशांबी के भोवापुर स्थित मकान में किराये पर रह रहे थे। यहां रहकर वह पराठा बिक्री का काम करते थे। शनिवार सुबह वह घर से ठेला लेकर बिक्री के लिए निकले थे। वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने ठेले में टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आरोपी चालक ऑटो रिक्शा छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने उनके घायल पिता को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार वालों को सौंपा। प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि आरोपी ऑटो रिक्शा चालक की तलाश की जा रही है।

# शव लेकर अस्पताल पहुंचा परिवार: दिल्ली में जच्चा-बच्चा की मौत

### गाजियाबाद में मचा हंगामा; डॉक्टर-स्टाफ भागे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 मई।** ट्रॉनिका सिटी थानाक्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला की हालत बिगड़ने के बाद उसे दिल्ली जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया।

यहां प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की 9 मई की रात मौत हो गई। 10 मई को परिजन महिला का शव लेकर वापस निजी अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। आक्रोशित परिजन और भीड़ को पुलिस बल ने समझाकर शांत कराया। वहीं हंगामे के दौरान अस्पताल के डॉक्टर व



कर्मचारी मौके से भाग गए। वहीं परिवार वालों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

अगरौला गांव निवासी अप्रवल मूलरूप से हरदोई के हरवल थानाक्षेत्र स्थित परसौली गांव के रहने वाले हैं। करीब 6 वर्ष से वह पत्नी अर्चना (25) और दो वर्षीय बेटे के साथ अगरौला में रह रहे थे। वह ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित कपड़ा फैक्टरी में नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि 6 मई को नौ माह की गर्भवती पत्नी अर्चना को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसका इलाज चल रहा था।

9 मई की देर रात अचानक खून की उल्टी होने के बाद डॉक्टरों ने उसे दिल्ली जीटीबी रेफर कर दिया। जब वह पत्नी को लेकर जीटीबी पहुंचे तब इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह परिवार वाले बिना पोस्टमार्टम और पुलिस को बताए बिना शव को वापस निजी अस्पताल लेकर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया।

लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। उग्र भीड़ को देखते हुए डॉक्टर व कर्मचारी भाग गए। वहीं सूचना पर पुलिस पहुंची और भीड़ को काबू करते हुए बातचीत की। परिजनों ने अस्पताल के लाइसेंस व पंजीकरण की जांच कराने की मांग की है। परिजन को मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ जांच का आश्वासन दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। -सिद्धार्थ गौतम, एसीपी लोनी

# नोएडा में पिज्जा बनाते समय थूकने का आरोप, वीडियो वायरल होने पर आरोपी गिरफ्तार



**» नोएडा, यूटर्न/ 11 मई।**

नोएडा के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में एक पिज्जा दुकान संचालक पर पिज्जा बनाते समय थूकने का आरोप लगने के बाद हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना सेक्टर-22 स्थित चौड़ा गांव की बताई जा रही है, जहां 'पिज्जा हंट' नाम से दुकान संचालित की जा रही थी।

जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक युवक पिज्जा तैयार करते समय कथित रूप से अनुचित हरकत करता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में भारी नाराजगी देखने को मिली। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जांच में आरोपी की पहचान मुजम्मिल पुत्र शाकिर निवासी गिझोड़, थाना सेक्टर-24 नोएडा के रूप में हुई है। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि वह सेक्टर-22 चौड़ा गांव में 'पिज्जा हंट' नाम की दुकान चला रहा था। वायरल वीडियो में युवक पर पिज्जा में थूककर ग्राहकों को परोसने का आरोप लगाया गया है। हालांकि पुलिस फिलहाल वीडियो की सत्यता और पूरे मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-24 पुलिस के अनुसार, दिनांक 10 मई 2026 को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि सेक्टर-22 स्थित एक पिज्जा दुकान में कार्यरत कर्मचारी द्वारा पिज्जा बनाते समय अनुचित कृत्य किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया और संबंधित युवक को हिरासत में ले लिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और वायरल वीडियो की तकनीकी जांच भी कराई जाएगी। मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

# दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अलग-अलग ऑपरेशनों में दो लापता नाबालिग लड़कियों को बचाया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।** दिल्ली पुलिस की एंटी-'मन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने अलग-अलग ऑपरेशनों के दौरान दो लापता नाबालिग लड़कियों को बचाया है। अधिकारियों ने इसे बच्चों की सुरक्षा के प्रति पुलिस बल की प्रतिबद्धता और सतर्कता का उदाहरण बताया।

दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की ओर से जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एएचटीयू टीम ने तकनीकी निगरानी, फील्ड इंटेलिजेंस और जमीनी स्तर पर सत्यापन समेत गहन तलाशी अभियान चलाने के बाद दोनों लड़कियों को अलग-अलग जगहों से बरामद किया। दिल्ली पुलिस ने अपने बयान में कहा, 'ये सफल ऑपरेशन एएचटीयू टीम के उस अथक समर्पण को दर्शाता है, जिसके जरिए वो बच्चों को असुरक्षित परिस्थितियों से बाहर निकालने के लिए समर्पित और सतर्क है।' पहला मामला 16 साल की एक लड़की का था, जो 11 जनवरी से लापता थी। यह मामला वजीराबाद पुलिस स्टेशन का है, जहां कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि लड़की के लापता होने से उसकी कमजोरी के कारण गंभीर चिंताएं पैदा हो गई थीं। एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने अपनी जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि लड़की अपने पिता की शराब की लत के कारण होने वाले लगातार घरेलू झगड़ों से परेशान थी। बताया गया कि वह अपने परिवार को बिना बताए घर से निकल गई थी और बाद में अपनी मौसी के यहां रह रही थी।

### फैक्टरी में धमाका मामले में नहीं दर्ज हुई प्राथमिकी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 मई।** लिंकरोड थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र साइट चार स्थित मैडोर्स रिन्यूवल एनर्जी फैक्टरी में कंप्रेसर फटने के मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। अभी तक किसी भी मृतक या घायल के परिवार वालों ने तहरीर नहीं दी है। सात मई की शाम करीब 6:45 बजे ठंडे पानी की मशीन बनाने वाली फैक्टरी में अचानक तेज धमाका हुआ था। कंप्रेसर फटने की वजह से दो टेक्नीशियन इमरान और त्रिभुवन की मौत हो गई थी और तीसरा टेक्नीशियन बांके बिहारी घायल है। इसके बाद फैक्टरी संचालक ने मृतकों को दस-दस लाख रुपये और घायलों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता करने का आश्वासन दिया है। प्रभारी एसपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। अगर कोई शिकायत मिलती है तब आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, मुआवजे की बात पर पीड़ित परिवारों व कंपनी प्रबंधन के बीच समझौता हो गया है।

### साइबर ठगों ने उड़ाए 3.45 लाख, वापस हुए 2.40 लाख रुपये

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 मई।** लिंकरोड क्षेत्र के बृज विहार निवासी चाय विक्रेता राहुल जैन के खाते से साइबर ठगों ने 3.45 लाख रुपये निकाल लिए। हालांकि, उन्हें केवल 2.40 लाख रुपये ही वापस मिल पाए। ठगी एपीके फाइल भेजकर नवंबर में हुई थी। अब जाकर पीड़ित को रकम वापस मिली है। प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि राहुल जैन ने नवंबर में पुलिस को शिकायत दी थी। आरोप था कि उनके पास व्हाट्सएप पर अंजान नंबर से एक एपीके फाइल आई थी। जब उन्होंने क्लिक किया तब उनके खाते से 10 बार में 3.45 लाख रुपये कट गए। साइबर सेल टीम ने तुरंत जांच शुरू की और जिस बैंक खाते में रकम ट्रांसफर हुई थी उसे फ्रीज कर राशि को बैंक होल्ड कराया। इसके बाद कोर्ट प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित के खाते में 2.40 लाख रुपये वापस कराए गए हैं।

# मानेसर निगम 30 गांवों में हटाएगा अवैध कब्जे, जोहड़ों की जमीन होगी खाली

**» मानेसर, यूटर्न/ 11 मई।**



नगर निगम ने क्षेत्र के 30 गांवों में अवैध कब्जे हटाने का अभियान तेज कर दिया है। अभियान के तहत जहां भी सरकारी जमीन और जोहड़ों पर लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ है, वहां निगम कब्जा हटाने की कार्रवाई करेगा। यह अभियान नगर निगम कमिश्नर प्रदीप सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। निगम अधिकारियों के अनुसार कई गांवों में जोहड़ों और सरकारी जमीन पर झुग्गियां, टीन शेड और अन्य निर्माण कर कब्जा किया गया है। अब इन सभी अवैध कब्जों को हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में नगर निगम ने मानेसर-कासन रोड पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक अवैध कब्जे हटाए हैं और सात एकड़ जमीन को खाली कराया इस जगह पर निगम पॉण्ड का निर्माण करेगा। वहीं, गांव भांगरौला में भी जोहड़ की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब इस इलाके में पॉण्ड विकसित किया जाएगा, ताकि बारिश के पानी का संरक्षण हो सके और भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में मदद मिले।

नगर निगम का कहना है कि निगम क्षेत्र के सभी 30 गांवों में जहां भी सरकारी जमीन या जोहड़ों पर अवैध कब्जा मिला, वहां कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न करें। निगम का कहना है कि भविष्य में भी अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि सरकारी जमीन का सही उपयोग किया जा सके और जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा मिल सके।

नगर निगम के डीटीपी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि निगम क्षेत्र में कई जगह जोहड़ों और सरकारी जमीन के आसपास अवैध कब्जे किए गए हैं। अब निगम ऐसे कब्जों को हटाने की कार्रवाई करेगा।

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मुख्य रूप से उन अवैध कब्जों पर की जाएगी, जो पिछले कुछ वर्षों में किए गए हैं। वहीं जो परिवार 20 से 25 साल या उससे पहले से वहां रह रहे हैं, उनके दस्तावेजों की जांच की जाएगी और उसी आधार पर आगे कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### गाड़ी बैक करने के बावजूद आर्केटेक्ट कंपनी कर्मी को पीटा, रुपये व चेन लूटने का आरोप

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 11 मई।** ज्ञानखंड 2 स्थित राघवा आर्केटेक्ट कंपनी के कर्मचारी ललित मोहन राघव से कार सवार दो युवकों ने मारपीट की। इसके बाद उनकी गाड़ी में रखे 20 हजार रुपये व उनके गले में पड़ी करीब डेढ़ तोले की चेन भी लूट ले गए। यह आरोप ललित राघव ने पुलिस को दी तहरीर में लगाए हैं। मामला रविवार की सुबह का है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ललित मोहन राघव ने बताया कि उनके भाई रितेश राघव की राघवा आर्केटेक्ट नाम से कंपनी है। कंपनी में वह टेंडर संबंधी कामकाज देखते हैं। रविवार को नोएडा स्थित कार्यालय में टेंडर के संबंध में ही उनकी कुछ लोगों से बैठक थी। उस कार्यालय की चाबी लेने के लिए वह ज्ञानखंड स्थित कार्यालय पहुंचे। चाबी और कार्यालय खर्च के लिए 20 हजार रुपये लेकर उन्होंने कार में रख लिए। इस दौरान सामने से आई एक कार के चालक ने हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने कार चालक से अनावश्यक हॉर्न न बजाने की बात कही। लगातार हॉर्न बजाने पर जब उन्होंने विरोध किया तब आरोपी कार से उतरे और उनकी गाड़ी का जबरन दरवाजा खोलकर मारपीट शुरू कर दी। गाड़ी के डेशबोर्ड में रखे 20 हजार रुपये और उनकी चेन निकालकर ले गए। उन्होंने तुरंत अपने भाई और डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के दुकानदारों से बातचीत की तब सभी ने मारपीट और बेवजह विवाद की बात कही।

# नई एडवेंचर टूरर बाइक अपाचे आरटीएक्स 300 हो रही लोकप्रिय

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।**

भारतीय बाजार में टीवीएस मोटर की नई एडवेंचर टूरर बाइक अपाचे आरटीएक्स 300 तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह मोटरसाइकिल प्रीमियम बाइक सेगमेंट में लगातार ग्राहकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। हाल ही में किए गए 'टैंक-टू-टैंक' माइलेज टेस्ट में इस बाइक ने फुल टैंक पर शानदार दूरी तय की। टीवीएस अपाचे आरटीएक्स 300 में कंपनी का नया आरटी-एक्सडी4 इंजन दिया गया है। यह पूरी तरह नया 310 सीसी इंजन है, जिसे खास तौर पर टूरिंग और लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बाइक में 12.5 लीटर का फ्यूल टैंक मिलता है। हालांकि इसका टैंक आकार में छोटा माना जा रहा था, लेकिन माइलेज टेस्ट के बाद इसकी क्षमता ने सबको चौंका दिया। माइलेज टेस्ट के दौरान बाइक का टैंक पूरी तरह भरकर लगभग 391 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इसके बाद दोबारा टैंक फुल करने पर पता चला कि बाइक ने 9.65 लीटर पेट्रोल खर्च किया। इस हिसाब से



बाइक का औसत माइलेज करीब 40.5 किलोमीटर प्रति लीटर रहा। टेस्ट के दौरान बाइक को हाईवे पर करीब 85 किलोमीटर प्रति घंटे की स्थिर गति से चलाया गया और क्रूज कंट्रोल का इस्तेमाल किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार लो फ्यूल चेतावनी आने के बाद भी बाइक में लगभग 50 से 60 किलोमीटर चलने लायक ईंधन बचा हुआ था। यानी फुल टैंक पर यह बाइक करीब 450 किलोमीटर तक की रेंज देने में सक्षम हो सकती है। हालांकि रेंज पूरी तरह राइडिंग स्टाइल और स्पीड पर निर्भर करती है। बेहतर माइलेज और लंबी दूरी तय करने की क्षमता इसे टूरिंग पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए आकर्षक विकल्प बना रही है।

# एआई, सेमीकंडक्टर और रेलवे भारत के अगले चरण के बदलाव का नेतृत्व करेंगे : अश्विनी वैष्णव

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि वैश्विक अस्थिरता का भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से सामना किया है और एआई, सेमीकंडक्टर और रेलवे अगले चरण के बदलाव का नेतृत्व करेंगे।

राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे सेक्टर में बदलाव की गति असाधारण है। पूंजीगत खर्च पिछले वित्त वर्ष में 2,72,000 करोड़ रुपए रहा है, जो कि कुछ वर्षों पहले 66,000 करोड़ रुपए पर था।

वैष्णव ने कहा, 'पूरे रेलवे सिस्टम की निष्पादन क्षमता में एक साथ विस्तार हुआ है, जो परियोजना कार्यान्वयन और वितरण में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है।'




उन्होंने आगे कहा, 'लगभग 49,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है, जो जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है। डिब्बों और इंजनों के उत्पादन में भी मजबूत वृद्धि हुई है।'

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधाओं की एक नई लहर गुणवत्ता-केंद्रित और किफायती विनिर्माण प्रथाओं को बढ़ावा दे रही है, जो तकनीकी रूप से उन्नत और आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रही है।

वैष्णव ने एआई को इतिहास की सबसे क्रांतिकारी तकनीकी क्रांतियों में से एक बताते हुए कहा कि एआई अभूतपूर्व गति से दुनिया को नया आकार दे रही है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'भारत को एआई के प्रति एक स्पष्ट और रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि देश इस तकनीक का लाभ उठाकर सभी क्षेत्रों में उत्पादकता, गुणवत्ता और उत्पादन दक्षता में सुधार करे।'

उन्होंने आगे कहा, 'वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितता और निरंतर संघर्षों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री की राष्ट्र के नाम की अपील आज और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।'

भारत की ऊर्जा आयात पर भारी निर्भरता और आर्थिक स्थिरता के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे विदेशी मुद्रा बहिर्वाह को बढ़ावा देने वाले खर्चों को कम करके और साथ ही विदेशी मुद्रा अर्जित करने और भंडार को मजबूत करने के प्रयासों को बढ़ाकर योगदान दें।

# टाटा पंच ने पीछे छोडा नेक्सन और ब्रेजा जैसी एसयूवी को

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।**

बीते महीने अप्रैल 2026 की बिक्री रिपोर्ट में टाटा पंच ने सभी बड़ी एसयूवी को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, टाटा पंच को पिछले महीने कुल 19,107 नए ग्राहक मिले, जो सालाना आधार पर करीब 52.9 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी दर्शाता है। इतना ही नहीं, यह देश की दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार भी बन गई। बिक्री के मामले में दूसरे स्थान पर मारुति सुजुकी फ्रोंक्स रही, जिसकी 18,829 यूनिट बिकीं। फ्रोंक्स की बिक्री में भी 31.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं तीसरे नंबर पर टाटा नेक्सन रही, जिसने 18,126 यूनिट की बिक्री के साथ 17.3 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। चौथे स्थान पर मारुति सुजुकी



ब्रेजा रही, जिसकी 14,124 यूनिट ग्राहकों तक पहुंचीं। हुंडई वेन्यू ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 56.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 12,420 यूनिट बेचीं। इसके अलावा किया सोनेट, हुंडई एक्सटर और महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ भी बिक्री सूची में शामिल रहीं। स्कोडा काइलाक और टोयोटा टैसर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, हालांकि कुछ मॉडलों की बिक्री में गिरावट देखने को मिली।

टाटा पंच की लोकप्रियता की सबसे बड़ी वजह इसकी कीमत और फीचर्स माने जा रहे हैं। इसकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये से शुरू होकर 10.60 लाख रुपये तक जाती है। इसमें 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ टर्बो पेट्रोल और सीएनजी विकल्प भी मिलते हैं। कम कीमत, बेहतर माइलेज और एसयूवी जैसा डिजाइन इसे ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय बना रहा है। माइलेज की बात करें तो इसका पेट्रोल मॉडल 20 किलोमीटर प्रति लीटर तक और सीएनजी मॉडल करीब 26.99 किलोमीटर प्रति किलोग्राम तक माइलेज देने में सक्षम है।

# हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक स्कूटर का जल्द आएगा सस्ता मॉडल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।**

हाल के महीनों में हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मांग में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिससे बाजार में उसकी पकड़ मजबूत हुई है। बिक्री के हालिया आंकड़ों पर नजर डाले तो कंपनी ने कई प्रतिस्पर्धी कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए बेहतर प्रदर्शन किया है। सीमित मॉडलों के बावजूद ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी ने यह साफ कर दिया है कि लोग अब केवल कम कीमत ही नहीं बल्कि बेहतर तकनीक और विश्वसनीयता को भी महत्व देने लगे हैं। यही वजह है कि कंपनी अब अपने उत्पादन और उत्पादों के विस्तार पर तेजी से काम कर रही है। बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी ने वर्ष 2027 तक उत्पादन क्षमता को लगभग दोगुना करने की योजना बनाई है।

इसके तहत उत्पादन को करीब 2.80 लाख इकाई तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए निर्माण संयंत्रों का विस्तार किया जाएगा ताकि ग्राहकों को समय पर डिलीवरी मिल सके और बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाई जा सके।

कंपनी अगस्त 2026 तक एक नया किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने की तैयारी में है। इसमें लगभग 3.8 किलोवाट-घंटा क्षमता की बैटरी मिलने की संभावना है और इसकी




कीमत एक लाख रुपये से कम रखी जा सकती है। यह मॉडल खासतौर पर मध्यम वर्ग और छोटे शहरों के ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। कंपनी ने बैटरी सेवा मॉडल की शुरूआत भी की है, जिसके तहत ग्राहक बैटरी को किराये पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे स्कूटर की शुरूआती कीमत काफी कम हो जाती है और ज्यादा लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए आकर्षित हो रहे हैं।

कंपनी अब प्रीमियम ग्राहकों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं पर भी फोकस कर रही है और आने वाले समय में नए मॉडलों के जरिए बाजार में अपनी स्थिति और मजबूत करने की तैयारी कर रही है। मालूम हो कि देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का बाजार तेजी से बदल रहा है और इसी बीच हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी स्थिति मजबूत करते हुए प्रतिस्पर्धियों को कड़ी चुनौती देना शुरू कर दिया है।

# मोबाइल डेटा जैसी क्रांति लाएगा एआई, ऊर्जा खपत में होगी बड़ी वृद्धि : गौतम अदाणी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि एआई मोबाइल डेटा विस्फोट जैसी क्रांति लाएगा और इससे ऊर्जा की खपत में तेज वृद्धि होगी।

राष्ट्रीय राजधानी में 'सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026' को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि एक दशक पहले, कुछ ही लोगों ने भारत में मोबाइल डेटा के विस्फोट के पैमाने की कल्पना की थी, लेकिन जैसे ही स्मार्टफोन किफायती हुए, नेटवर्क का विस्तार हुआ, डेटा की कीमतें गिरीं और खपत में जबरदस्त उछाल आया।

अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा,'एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) भी इसी तरह की वृद्धि लाएगा, लेकिन यह वृद्धि कहीं अधिक ऊर्जा खपत करने वाली होगी। डेटा सेंटर की क्षमता, जिसके 2030 तक 5 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, 2047 तक लगभग 75 गीगावाट तक बढ़ सकती है, इसीलिए भारत को अभी से तैयारी करनी होगी।'

उन्होंने आगे कहा कि भारत आम परिवारों, फैलते शहरों, सक्रिय कारखानों, इलेक्ट्रिक वाहनों और विस्तार की प्रतीक्षा कर रहे लाखों छोटे व्यवसायों के लिए विकास कर रहा है।

अदाणी समूह के प्रमुख ने कहा, 'भारत में एक बड़ा फायदा यह है कि हम जो कुछ भी बनाएंगे, उसकी मांग पहले से ही मौजूद होगी। हमारे सामने चुनौती है ऐसी क्षमता का निर्माण करना जो मांग के साथ तालमेल बिठा सके।'

उन्होंने आगे कहा कि भारत ने एनर्जी सेक्टर में असाधारण प्रगति की है और मार्च 2026 में स्थापित ऊर्जा क्षमता 500 गीगावाट से अधिक हो



गई है। बीते 10 वर्षों में स्थापित क्षमता में 53 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है।

गौतम अदाणी ने आगे कहा कि भारत अपनी इस क्षमता को 4 गुना तक बढ़ाने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले दो दशक यानी 2047 तक यह 2,000 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी जीडीपी की वृद्धि दिशा देश की ग्रोथ स्टोरी को स्पष्ट रूप से दिखाती है। देश को दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 67 वर्ष का समय लगा, लेकिन अगले दो ट्रिलियन डॉलर अगले 12 वर्षों में ही जोड़े गए। गौतम अदाणी के मुताबिक,भारत तेजी से विकास कर रहा है। हर सड़क, बंदरगाह, हवाई अड्डा, कारखाना, ऊर्जा संसाधन और डेटा सेंटर विकास के अगले स्तर को बढ़ा रहा है।

इस रफ्तार से, भारत हर दशक में अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एक नई यूरोपीय अर्थव्यवस्था के बराबर वृद्धि करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 139 पैसे टूटकर 94.90 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 11 मई।** रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 139 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.90 पर पहुंच गया। अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने रुपये पर और दबाव डाला।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.97 पर खुला। फिर मामूली बढ़त के साथ 94.90 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 139 पैसे की भारी गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 71 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.51 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.20 पर रहा।

### तेल कीमतों में उछाल, कच्चा तेल 104 डॉलर के पार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत विफल होने के बाद सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 104.47 डॉलर प्रति बैरल जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 98.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। दुनिया के महत्वपूर्ण तेल व्यापार मार्ग, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जारी तनाव के कारण तेल आपूर्ति सामान्य नहीं हो पा रही है, जिससे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर संकट गहरा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान की ओर से दिए गए जवाब को अस्वीकार्य करार दिया, जिससे पिछले 10 हफ्तों से जारी संघर्ष के जल्द खत्म होने की उम्मीदें कम हो गईं। अब बाजार की नजर इस हफ्ते होने वाली ट्रंप की चीन यात्रा पर टिकी है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रंप चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से ईरान मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं, इस उम्मीद के साथ कि चीन, ईरान पर दबाव डालकर युद्धविराम की दिशा में मदद कर सकता है। इस बीच सऊदी अरामको के मुख्य कार्याधिकारी अमीन नासिर ने चिंता व्यक्त की है कि पिछले दो महीनों में दुनिया को लगभग 1 अरब बैरल तेल की कमी झेलनी पड़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तेल की आपूर्ति फिर से शुरू भी हो जाए, तब भी बाजार को सामान्य होने में समय लगेगा। हालिया शिपिंग डेटा से पता चला है कि पिछले हफ्ते दो तेल टैंकर बिना ट्रैकिंग सिस्टम चालू किए स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से निकले।

# निजी बस संचालकों की मनमानी से यात्री परेशान

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 मई।

शहर में निजी बस संचालकों की मनमानी से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर और आसपास के रूटों पर चलने वाली कई प्राइवेट बसों में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। कहीं यात्रियों से तय किराये से अधिक रुपये वसूले जा रहे हैं तो कहीं सीटों से ज्यादा सवारियां बैठाकर यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। रोजाना सफर करने वाले लोगों का कहना है कि बसों के अव्यवस्थित संचालन के कारण उन्हें हर दिन परेशानी उठानी पड़ रही है।



किराये को लेकर अक्सर यात्रियों और बस चालकों के बीच बहस की स्थिति बन जाती है। प्रशासन द्वारा इस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे बस संचालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है।

बसों के समय पर संचालन को लेकर भी लोग नाराज हैं। कई बसें तय समय से काफी देरी से पहुंचती हैं, जिससे नौकरीपेशा लोगों और छात्रों को परेशानी होती है। यात्रियों का कहना है कि सुबह ऑफिस और स्कूल-कॉलेज पहुंचने में देरी हो जाती है। वहीं शाम के समय बसों की संख्या कम होने से लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

मैं मथुरा से निजी बस में सफर करके आई हूं। मैंने 550 रुपये किराये के दिए हैं, जबकि सार्वजनिक बस में 150 से 350 रुपये तक ही लगते हैं। - काजल, यात्री

रोजाना नौकरी के लिए पलवल से फरीदाबाद आना पड़ता है। बसों में इतनी भीड़ होती है कि कई बार निजी बसों में खड़े होकर पूरा सफर करना पड़ता है।- महेंद्र, यात्री

लंबी दूरी तय करने के बावजूद बसों में कोई सुविधा नहीं मिलती। सीटें भरी होने के बाद भी बस संचालकों द्वारा और यात्रियों को बैठाया जाता है।- शांति, यात्री

बसों में भीड़ अधिक होने के बावजूद किराया भी ज्यादा लिया जाता है। कई बार चालक और परिचालक यात्रियों से अभद्र व्यवहार भी करते हैं। - ओमप्रकाश, यात्री

## संक्षिप्त खबरें

### नियमों को ताक पर रख सड़कों पर दौड़ रहे वाहन, हादसों का खतरा

फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 मई। शहर में सड़क सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी जारी है। आए दिन सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आने के बावजूद लोगों में यातायात नियमों को लेकर गंभीरता दिखाई नहीं दे रही। खासकर युवा वर्ग बिना किसी डर के दोपहिया वाहनों पर तीन से चार लोगों को बैठाकर सड़कों पर फर्राटा भर रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर यह नजारा आम हो चुका है। नाबालिगों द्वारा बाइक चलाना, बिना हेलमेट यात्रा करना और तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाना भी लगातार बढ़ रहा है। कई बार एक ही बाइक पर पूरा परिवार बैठकर सफर करता दिखाई देता है, जिससे दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यातायात नियमों के उल्लंघन के बावजूद कई वाहन चालक कार्रवाई से बेखौफ नजर आते हैं। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस की नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई के अभाव में स्थिति बिगड़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से विशेष अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि सड़क हादसों पर रोक लगाई जा सके।

### शटर खोलते समय करंट से युवक की मौत

फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 मई। गौंछी मोड़ पर रविवार सुबह दुकान का शटर खोलते समय करंट लगने से एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान सराय ख्वाजा निवासी 23 वर्षीय इरशाद के रूप में हुई है। वह तीन साल से यहां किराये की दुकान पर मांस बेचने का काम करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इरशाद रविवार सुबह जब अपनी दुकान खोलने पहुंचा और शटर उठाने के लिए उसे हाथ लगाया, तो उसमें आ रहे करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। पास के दुकानदारों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। मृतक अभी अविवाहित था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल (बीके) भिजवाया। पुलिस जांच अधिकारी नरेंद्र ने बताया कि मृतक के हाथ पर जलने के निशान मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया मौत का कारण करंट लगना प्रतीत हो रहा है। घटना के संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## बेटियों के जन्म से जिले ने दिखाई बेहतर तस्वीर, 924 पहुंचा आंकड़ा

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 मई।

जहां दक्षिण हरियाणा के कई जिलों में गिरता लिंगानुपात चिंता का विषय बना हुआ है, वहीं फरीदाबाद ने इस मामले में अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति दर्ज कर सकारात्मक संकेत दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में एक जनवरी से 30 अप्रैल तक जिले में प्रति एक हजार बेटों पर 924 बेटियों का जन्म दर्ज किया गया। पिछले वर्षों की तुलना में यह आंकड़ा सुधार की ओर इशारा करता है।

जिले में पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो लिंगानुपात में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। वर्ष 2019 में यह आंकड़ा 913, वर्ष 2020 में 912, वर्ष 2021 में गिरकर 893 और वर्ष 2022 में 892 तक पहुंच गया था। हालांकि इसके बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की ओर से चलाए गए जागरूकता अभियानों का असर दिखाई देने लगा। वर्ष 2023 में लिंगानुपात बढ़कर 904 हुआ और अब 2026 में यह 924 तक पहुंच गया है।

स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक जिले में कुल 44,395 बच्चों का जन्म हुआ, जिनमें 23,066 बेटे और 21,329 बेटियां शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि बेटियों के जन्म को लेकर लोगों की सोच में धीरे-धीरे



बदलाव आ रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि भ्रूण लिंग जांच पर निगरानी, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों ने लोगों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लगातार चलाए जा रहे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का असर भी अब दिखाई देने लगा है।

जिले में लिंगानुपात में सुधार स्वास्थ्य विभाग की टीमों, आशा कार्यकर्ताओं और जागरूकता अभियानों की लगातार मेहनत का परिणाम है। विभाग द्वारा गांवों और शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से लोगों को बेटियों के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत निगरानी और कार्रवाई भी लगातार जारी है, ताकि भ्रूण लिंग जांच जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।- डॉ. जयंत आहूजा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दो भाई घायल

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 11 मई।

भांगरौला गांव के पास पिकअप गाड़ी ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भाई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन हैं। घायल युवकों के पिता नरेश की शिकायत पर पुलिस ने खेड़कीदौला थाने में सड़क हादसे संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। बुलंदशहर के खेड़ापलां गांव निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ गुरुग्राम के भांगरौला गांव में रहकर खेती-बाड़ी का काम करता है। 8 मई को उसके बेटे नितिन व शिवा बाइक पर सवार होकर खेत से घर की ओर आ रहे थे। इस दौरान गांव के पास एक पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए




पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हे गुरुग्राम के निजी अस्पताल से दिल्ली के एम्स में रेफर कर दिया, जहां दोनों भाई उपचाराधीन हैं।

पिकअप मालिक को नोटिस भेजकर चालक को पेश करने के लिए कहा जाएगा। चालक को गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई की जाएगी। हादसे में घायल युवकों के पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।- अमित कुमार, हेड कांस्टेबल व जांच अधिकारी, खेड़कीदौला थाना

## सेक्टर-9 के सांझा पार्क में बनेगा सिंथेटिक ट्रैक, लोगों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 मई। सेक्टर-9 स्थित सांझा पार्क में रविवार को सिंथेटिक ट्रैक निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई। स्थानीय पार्षद मुकेश अग्रवाल ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में कार्य का शुभारंभ किया। पार्क में आधुनिक ट्रैक बनने से क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखा गया।

पार्षद मुकेश अग्रवाल ने कहा कि ट्रैक बनने के बाद पार्क में आने वाले बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को मॉर्निंग वॉक, रनिंग और फिटनेस गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के पार्कों और सार्वजनिक स्थानों को आधुनिक स्वरूप देने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि लोगों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने बताया कि पार्क में लंबे समय से बेहतर वॉकिंग ट्रैक की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सिंथेटिक ट्रैक बनने से न केवल लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि पार्क की खूबसूरती भी बढ़ेगी। उनका कहना था कि इससे सुबह और शाम पार्क में आने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा होगा और बच्चों को खेलकूद के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। कार्यक्रम में रणवीर चौधरी, सतवीर शर्मा, अरुण बजाज, आरके केसवानी, राजेंद्र मेहंदीरत्ता, आरके सिंगला, हरीश सिंगला, नम्रता मित्तल, संजीव शर्मा, डॉ. नरेंद्र घई, संजीव चितकारा और एचपी अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रही गर्मी, बुखार व डायरिया के मामले बढ़े

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 मई।

लगातार बढ़ रही गर्मी अब बच्चों की सेहत पर भारी पड़ने लगी है। जिला नागरिक अस्पताल में बुखार, डायरिया, उल्टी, डिहाइड्रेशन और वायरल संक्रमण से पीड़ित बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्थिति यह है कि बाल रोग वार्ड पूरी तरह भर चुका है और एक बेड पर दो-दो बच्चों को भर्ती कर इलाज करना पड़ रहा है।

अस्पताल में सुबह से ही बच्चों को लेकर पहुंचने वाले अभिभावकों की लंबी कतारें लग रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि तेज धूप और गलत खानपान की वजह से अधिकतर बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। छोटे बच्चों में पानी की कमी और संक्रमण के मामले सबसे ज्यादा सामने आ रहे हैं।

अस्पताल में भर्ती बच्चे की मां शबाना ने बताया कि उसके बेटे को तेज बुखार और उल्टियों की शिकायत थी। अस्पताल पहुंचने पर वार्ड में जगह नहीं मिली, जिसके कारण काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं किरण ने कहा कि गर्मी के कारण उसकी बेटी की तबीयत



अचानक बिगड़ गई। अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने से इलाज में भी समय लग रहा है।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गोयल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में बच्चों में वायरल बुखार, डायरिया और डिहाइड्रेशन के मामलों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि गर्मी में बच्चों को बाहर खेलने से बचाएं और पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। खाने-पीने की चीजों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। डॉ. गोयल ने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को ताजा और हल्का भोजन दें तथा बाहर का खुला खाना खाने से बचाएं।

## दुबई में बैठे जालसाज समेत 32 पर 5 .6 करोड़ की ठगी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

» लोनी, यूटर्न/ 11 मई।

ट्रॉनिका सिटी निवासी सुनील जैन ने दुबई में रह रहे लविश चौधरी और प्रमोद सोलंकी समेत 32 लोगों पर 5.06 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। ठगी पीड़ित को मैग्नेटिक जनरेटर का पूरे देश में एक मात्र डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का झांसा देकर की गई। मामला वर्ष 2024 का है। मामले में पुलिस ने 10 मई को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

दर्ज मामले में सुनील जैन ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले शांति स्वरूप नाम के व्यक्ति ने इलेक्ट्रिकल स्टेंपिंग व्यवसाय के बहाने प्रमोद सोलंकी व लविश चौधरी उर्फ नवाब अली की निवेश योजना के बारे में बताया। मामले की और जानकारी देने के लिए उन्हें 19 नवंबर 2024 में दिल्ली स्थित रिजॉर्ट में आयोजित सेमिनार में भी बुलाया गया। सेमिनार में शामिल होने के लिए 6200 रुपये और केवाईसी के लिए दस्तावेज लिए गए। सेमिनार में मैग्नेटिक जनरेटर




प्रोजेक्ट के बारे में बताया। 1 करोड़ रुपये जमा कराने वाले व्यक्ति को देश में एकमात्र डिस्ट्रीब्यूटर शिप देने का झांसा दिया। उत्पाद के लांच होने तक जमा की गई धनराशि का प्रतिमाह 6 से 15 प्रतिशत रिटर्न देने का भी सब्जबाग दिखाया। जनवरी 2025 में अलग-अलग बैंक खाते में 1.37 करोड़ रुपये जमा करा दिए। बताया कि रकम ऑनलाइन व नकद दोनों माध्यम दी गई। 12 जनवरी को वह परिवार और अन्य निवेशकों के साथ दुबई गए जहां उनकी मुलाकात लविश चौधरी से कराई गई। उन्होंने बताया कि लविश चौधरी के आवास पर हुई बैठक में और अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। 15 जनवरी को मैग्नेटिक जनरेटर का डेमो दिखाकर 10 करोड़ रुपये की सुरक्षा राशि के बदले भारत में एकमात्र डिस्ट्रीब्यूटर शिप देने की बात कही। साथ ही उन्हें जनरेटर शॉपिंग कार्ड देने का भी आश्वासन दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रमोद व उसके साथी फैक्टरी पर आते रहे और अधिक धन देने के दबाव बनाने लगे। इस दौरान लविश चौधरी, नवाब चौधरी, प्रमोद सोलंकी, पवन कुमार ने अपने मोबाइल फोन नंबर बंद कर नए नंबरों को प्रयोग करना शुरू कर दिया। 14 माह में उन्होंने 5.06 करोड़ रुपये का भुगतान किया। धोखाधड़ी का पता चलने पर उन्होंने रुपये वापस मांगे। आरोप है कि तब उन्हें हथियार दिखाकर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। 29 फरवरी 2026 और 23 अप्रैल 2026 को कमिश्नर कार्यालय में शिकायत की।

**यह आरोपी हुए नामजद**

लविश चौधरी उर्फ नवाब अली, राशिद अली, साजिद अली, प्रमोद सोलंकी, नवाब हसन, नसीम अहमद, डॉ. विजय कुमार, शांति स्वरूप, नारम चानू, पवन कुमार बारगोती, सीमा रानी, ऋषि चौरसिया, महेश कुमार विवकर्मा, आर्यन चौधरी, गौरव, संजय बेनीवाल, हिमांशु चौधरी, मोहित कुमार, राजू चौधरी, बिनरता, प्रदीप, मोहित जाट, शालिनी चौधरी, जेम्स, फिड्सिया पात्रम प्राइवेट लिमिटेड, ब्लधर, एड्टेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, भव्या एंटरप्राइजेज, दिविशी इंफोटेक, ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड, आरवी एजुकेशनल ट्रस्ट, होलसेल डिपो।



## 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' को लेकर उत्साहित है रणदीप हुड्डा

अपनी चर्चित वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन को लेकर अभिनेता रणदीप हुड्डा काफी उत्साहित हैं। अभिनेता रणदीप अब एक बार फिर इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा के किरदार में नजर आने वाले हैं। रणदीप हुड्डा ने नए सीजन को लेकर कहा कि इस बार अविनाश का किरदार और भी मजबूत और गहराई से दर्शकों के सामने आएगा। इस बार कहानी पहले से ज्यादा एक्शन, इमोशन और रोमांच से भरपूर होने वाली है। उन्होंने बताया कि अविनाश अब सिर्फ अपराधियों से लड़ाई नहीं लड़ रहा है, बल्कि अपने परिवार, अपनी सच्चाई और अपने अस्तित्व को बचाने की जंग भी लड़ रहा है। अभिनेता के मुताबिक, इस बार कहानी का दायरा बड़ा है, एक्शन ज्यादा वास्तविक है और भावनात्मक संघर्ष भी पहले से कहीं ज्यादा गहरा है। सीरीज में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। उन्होंने शो के बारे में बात करते हुए कहा कि 'इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2' पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, बेबाक और धमाकेदार है।




## प्रेग्नेंसी में करिश्मा का रॉयल अंदाज

टीवी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी का समय खूब एन्जॉय कर रही हैं और सोशल मीडिया पर लगातार अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक ट्रेडिशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह बेहद आकर्षक नजर आईं और उनके प्रेग्नेंसी ग्लो ने उनकी सुंदरता को और बढ़ा दिया। तस्वीरों में करिश्मा ने रॉयल पिंक साड़ी पहनी हुई है, जिस पर सुनहरे बूटी का बारीक काम किया गया है। लाल बॉर्डर और एक शानदार गोल्डन स्लीवलेस ब्लाउज ने उनके पारंपरिक लुक को और भी शानदार बना दिया। उनका यह मोहक अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है और वे जमकर उनकी तारीफें कर रहे हैं। ज्वेलरी की बात करें तो उन्होंने कुंदन और मोतियों से सजा एक भारी चोकर नेकलेस पहना है, जो उनके पूरे लुक का मुख्य आकर्षण था। साथ ही मैचिंग झुमके, एक चौड़ा कड़ा और स्टेटमेंट रिंग्स उनके लुक को पूरी तरह रॉयल बना रहे थे। उन्होंने अपने बालों को जूड़े में बांधकर उस पर फूलों की खूबसूरत सजावट की है, जबकि हल्का मेकअप और एक छोटी बिंदी उनके चेहरे के आकर्षण को और निखार रही थी।


# 'इंस्पेक्टर अविनाश' में विजुअल परफेक्शन से ज्यादा भावनात्मक ईमानदारी जरूरी : उर्वशी रौतेला

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला एक बार फिर वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के नए सीजन में पूनम मिश्रा के किरदार में नजर आने वाली हैं। इस बीच उर्वशी ने अपने किरदार और एक्टिंग को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि उनकी पब्लिक इमेज हमेशा ग्लैमर से जुड़ी रही है, लेकिन 'इंस्पेक्टर अविनाश' जैसे प्रोजेक्ट्स में दिखावे से ज्यादा सच्ची भावनाओं की जरूरत होती है। उर्वशी ने आईएएनएस से बताया कि एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ने के लिए 'परफॉर्मेंस वैनिटी' यानी परफेक्ट दिखने की सोच को छोड़ना बहुत जरूरी होता है। उन्होंने कहा, 'लोग अक्सर मुझसे हर फ्रेम, हर एक्सप्रेशन और हर पल में परफेक्शन की उम्मीद करते हैं, क्योंकि मेरी छवि ग्लैमरस रही है। लेकिन 'इंस्पेक्टर अविनाश' जैसे प्रोजेक्ट विजुअल परफेक्शन से ज्यादा भावनात्मक ईमानदारी मांगती हैं।' एक्ट्रेस ने कहा कि इस किरदार के लिए उन्होंने खुद को ज्यादा 'प्रेजेंट' रखने पर ध्यान दिया उर्वशी ने कहा, 'असल जिंदगी में मुश्किल हालात से गुजर रहे लोग यह नहीं सोचते कि वे कैसे दिख रहे हैं। वे सिर्फ प्रतिक्रिया दे रहे होते हैं, हालात से जूझ रहे होते हैं और भावनाओं को महसूस कर रहे होते हैं। एक अभिनेता के तौर पर इस सच्चाई को समझना मेरे लिए बेहद जरूरी था।' उर्वशी ने यह भी कहा कि संयमित अभिनय यानी कम शब्दों और शांत अभिनय के जरिए भावनाएं दिखाना ज्यादा मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, 'मौन, स्थिरता और नियंत्रित भावनाएं के लिए अलग तरह का आत्मविश्वास चाहिए होता है। कई बार कम करके सच दिखाना, ज्यादा ड्रामेटिक होने से भी कठिन होता है।' उर्वशी ने कहा, 'एक कलाकार के तौर पर, यह उनके लिए यकीनन आजादी देने वाला अनुभव था, क्योंकि इसने मुझे हर पल अपनी इमेज बनाए रखने के दबाव के बिना, अपनी भावनाओं को दिखाने का मौका दिया।' बता दें कि 'इंस्पेक्टर अविनाश' पहली बार साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज में रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका में हैं। यह शो यूपी के सुपरकॉप अविनाश मिश्रा की जिंदगी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसमें राज्य में अपराध रोकने की कहानी दिखाई गई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो उर्वशी रौतेला आखिरी बार फिल्म 'डाकू महाराज' में नजर आई थीं।





# टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट 99 पर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे हैं हेल्स



**लंदन, यूटर्न/ 11 मई।** टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जैसे छोटे प्रारुप में जहां कई खिलाड़ियों ने शतक लगाये हैं। वहीं कई खिलाड़ी ऐसे भी रहे हैं जो केवल एक रन से शतक नहीं लगा पाये हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 99 पर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज इंग्लैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स थे। साल 2012 में नॉटिंघम के मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए एक मुकाबले में हेल्स ने केवल 68 गेंदों में 99 रन रन बनाये। अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाये थे पर वह अपना पहला शतक पूरा नहीं कर पाये। रवि रामपॉल की एक गेंद पर वह आउट हो गये। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 99 पर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी रहे हैं। वहीं 99 पर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज डेनमार्क के हामिद शाह रहे हैं। साल 2022 में हामिद ने फिनलैंड के खिलाफ 68 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्के लगाकर 99 रन बनाए। हामिद भी 99 पर पहुंचकर आउट हो गये। साल 2024 में थाईलैंड के बैंकॉक में सऊदी अरब के अब्दुल वहीद ने कंबोडिया के खिलाफ केवल 58 गेंदों में ही 99 रन बना दिये। इस पारी में में 9 शानदार चौके और 6 विशाल छक्के शामिल थे पर वह भी शतक से ठीक पहले आउट हो गये। इसके अलावा ओमान के खिलाफ मुकाबले में नीदरलैंड्स के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स भी इसी प्रकार आउट हुए।

# वैभव को तीनों प्रारुपों में खेलते देखना चाहिते हैं अश्विन

**चेन्नई, यूटर्न/ 11 मई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल के 19 वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स से खेल रहे 15 साल के उभरत हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह भविष्य का सितारा है। अश्विन ने ये भी कहा कि वह इस युवा को तीनो प्रारुपों में खेलते हुए देखना चाहते हैं। अश्विन ने वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी शैली की सराहना करते हुए कहा, वह जिस प्राकर से सभी गेंदबाजों को निशाना बनाता है। उससे साफ है कि वह निडर है और किसी भी गेंदबाज को खेल सकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि वैभव में टेस्ट क्रिकेट खेलने की भी क्षमताएं हैं। अश्विन ने कहा, उसे टेस्ट में जगह मिलेगी तो प्रशंसक स्वयं मैच देखने आएंगे क्योंकि वह दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करता है। उन्होंने वैभव के अंडर-19 विश्व कप फाइनल के प्रदर्शन को याद करते हुए कहा कि उसमें गेंद को पूरी ताकता से खेलने की क्षमताएं हैं। वहीं ये भी माना कि इतनी कम उम्र में वैभव पर जरुरत से अधिक दबाव न डाला जाये। अश्विन ने कहा कि उन्हें खुलकर क्रिकेट खेलने देना चाहिए। साथ ही कहा कि क्रिकेट करियर में बहुत कम मौके आते हैं जब आप बिना किसी दबाव के खेल का आनंद लेते हैं। वह अभी सिर्फ 15 साल का है। हमें उसे उसी तरह खेलने देना चाहिए।

# एमओएस पबित्रा मार्गेरिटा और कोस्टा रिका के विदेश मंत्री टोवर ने द्विपक्षीय बैठक में मजबूत साझेदारी पर दिया जोर

» सैन होजे, यूटर्न/ 11 मई।

भारत के विदेश राज्य मंत्री, पबित्रा मार्गेरिटा ने सैन होजे में कोस्टा रिका के विदेश मंत्री मैनुअल टोवर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और कोस्टा रिका के साथ बीच संबंधों को गहरा करने और कई क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। कोस्टा रिका के विदेश मंत्री के तौर पर पद संभालने के बाद टोवर ने पहली बार आधिकारिक मीटिंग की। बातचीत में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने और जुड़ाव बढ़ाने पर फोकस रहा, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, बहुपक्षवाद और नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर के समर्थन पर आधारित था। मार्गेरिटा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'भारत के साथ पहली मीटिंग। कोस्टा रिका के विदेश मंत्री, मैनुअल टोवर के साथ द्विपक्षीय मीटिंग हुई। यह जानकर खुशी हुई कि विदेश मंत्री का पद संभालने के बाद यह उनकी पहली आधिकारिक मीटिंग थी। भारत-कोस्टा रिका द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर अच्छी बातचीत हुई। भारत और कोस्टा रिका बहुपक्षवाद, लोकतंत्र और नियमों पर आधारित इंटरनेशनल ऑर्डर को बढ़ावा देने में एक जैसे मूल्य रखते हैं।' इससे पहले रविवार को, मार्गेरिटा ने सैन होजे में यूनिवर्सिटी फॉर पीस में 'वसुधैव कुटुम्बकम' वॉल का उद्घाटन किया। इसमें भारत के दुनिया भर में भाईचारे और दुनिया भर में मेलजोल के पुराने सिद्धांत पर जोर दिया गया।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इवेंट की तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'कोस्टा रिका में यूनिवर्सिटी ऑफ पीस में 'वसुधैव कुटुम्बकम' वॉल का उद्घाटन करते हुए गर्व हो रहा है। 'दुनिया एक परिवार है', जो दुनिया भर में भाईचारे का भारत का पुराना सिद्धांत है जो दुनिया के साथ हमारे जुड़ाव को गाइड करता रहता है।'

मंत्री ने यूनिवर्सिटी में महात्मा गांधी को भी श्रद्धांजलि दी और गांधी के शांति और अहिंसा के शाश्वत संदेश की सराहना की। एक्स पर एक और पोस्ट में, उन्होंने कहा, 'बापूजी सिर्फ भारत के ही नहीं बल्कि पूरी इंसानियत के थे। शांति और अहिंसा का उनका संदेश दुनिया के हर कोने में गूंजता है।' कोस्टा रिका में अपने काम के हिस्से के तौर पर, मार्गेरिटा ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत एक पौधा भी लगाया, जिससे पर्यावरण की स्थिरता और वैश्विक पारिस्थितिकी जिम्मेदारी पर भारत का ध्यान और मजबूत हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा जेल से रिहा

**बैंकॉक, यूटर्न/ 11 मई।** थाईलैंड की राजनीति के सबसे प्रभावशाली और विवादित चेहरों में से एक, पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा को रविवार को बैंकॉक की जेल से पैरोल पर रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामले में एक साल की सजा काट रहे 76 वर्षीय थाकसिन ने लगभग आठ महीने हिरासत में बिताए। उनकी रिहाई के समय बैंकॉक की क्लोंग प्रेम सेंट्रल जेल के बाहर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच करीब 300 समर्थक और राजनीतिक सहयोगी जुटे थे, जिन्होंने वी लव थाकसिन के नारों के साथ उनका स्वागत किया। सफेद पोलो टी-शर्ट और नीली पैंट पहने थाकसिन जब जेल से बाहर निकले, तो उनके परिवार ने उनका स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हें लाल गुलाब भेंट किए, हालांकि थाकसिन ने मीडिया से कोई औपचारिक बातचीत नहीं की।

### नासा ने गैलेक्सी एम-77 की तस्वीरें की जारी, 'डिफ्रैक्शन स्पाइक्स' की दिखी झलक

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 मई।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से गैलेक्सी एम-77 की तीन तस्वीरें जारी की हैं। इन तस्वीरों में गैलेक्सी का केंद्र इतनी तेजी से चमक रहा है कि पूरी गैलेक्सी चमक रही है। सबसे खास बात इन तस्वीरों में दिखने वाले 'डिफ्रैक्शन स्पाइक्स' हैं, जो टेलीस्कोप के ऑप्टिक्स की वजह से बनने वाला एक ऑप्टिकल प्रभाव है। ये डिफ्रैक्शन स्पाइक्स कोई गैलेक्सी की असली संरचना नहीं बल्कि टेलीस्कोप का ऑप्टिकल प्रभाव है। गैलेक्सी एम-77 सर्पिल गैलेक्सी है और सक्रिय केंद्र वाली गैलेक्सियों में से एक है।

## चीन ने तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया

**बीजिंग, यूटर्न/ 11 मई।** चीन ने सोमवार को तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी घोषणा की। एजेंसी के बयान में कहा गया, 'चांग झेंग-7 वाई11 प्रक्षेपण यान, जो तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को लेकर था, इसे बीजिंग समयानुसार सुबह 8:14 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:44 बजे) वेंचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया। लगभग 10 मिनट बाद, तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। बयान में कहा गया कि यह प्रक्षेपण सफल रहा। अंतरिक्ष यान में बाहरी अंतरिक्ष गतिविधि के लिए एक स्पेससूट, अंतरिक्ष यात्रियों के रहने के लिए आवश्यक सामग्री, ईंधन और प्रयोगात्मक उपकरण हैं। यह यान बाद में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। यह प्रक्षेपण चांग झेंग ('लॉन्ग मार्च') श्रृंखला के 641वें और तियांगोंग परियोजना के 39वें प्रक्षेपण का प्रतीक है।

## रूस और यूक्रेन के बीच कैदियों की होगी अदला-बदला, कीव ने 1,000 कैदियों की लिस्ट सौंपी

**कीव, यूटर्न/ 11 मई।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने रूस को कैदियों की अदला-बदली के लिए 1,000 कैदियों की लिस्ट सौंपी है। राष्ट्रपति की प्रेस सर्विस ने यह जानकारी दी। वहीं दोनों देशों ने एक-दूसरे पर तीन दिनों का सीजफायर तोड़ने का आरोप भी लगाया है। रविवार को शाम को अपने भाषण में राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा, '1,000 के बदले 1,000 कैदियों की अदला-बदली की तैयारी हो रही है और यह होनी ही चाहिए। अमेरिकियों ने इन गारंटियों की जिम्मेदारी ली है।' न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रूस के साथ लड़ाई खत्म होनी चाहिए और भरोसेमंद सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अब (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन खुद कह रहे हैं कि वह आखिरकार असली मीटिंग के लिए तैयार हैं। हमने उन्हें इसके लिए थोड़ा जोर दिया और हम खुद भी लंबे समय से ऐसी मीटिंग के लिए तैयार हैं। अब एक फॉर्मेट ढूंढना होगा।' रूस और यूक्रेन शुक्रवार को तीन दिन के सीजफायर और 1,000 कैदियों की अदला-बदली पर राजी हुए।

## स्पेन को हंतावायरस प्रभावित क्रूज शिप से 90 से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद : पाडिला

**टेनेरिफ, यूटर्न/ 11 मई।** हंतावायरस संक्रमण से प्रभावित क्रूज शिप एमवी होंडियस से यात्रियों और क्रू मेंबर्स को निकालने का अभियान तेजी से जारी है। स्पेन के स्वास्थ्य सचिव हाविएर पाडिला ने बताया कि 90 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की उम्मीद है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि निकासी अभियान योजना के अनुसार चल रहा है और लगातार विभिन्न देशों के नागरिकों को उनके गंतव्य तक भेजा जा रहा है। स्पेन के गृह मंत्रालय की सिविल प्रोटेक्शन और इमरजेंसी शाखा द्वारा जारी वीडियो के मुताबिक, रविवार दोपहर तक 14 अलग-अलग देशों के 49 यात्री और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाला जा चुका था। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिटेन, तुर्की, फ्रांस, आयरलैंड और अमेरिका के नागरिकों को भी रविवार देर तक बाहर निकाला गया। प्रशासन को उम्मीद है कि कुल निकाले गए लोगों की संख्या 90 के पार पहुंच जाएगी।

# कस्टम्स वेयरहाउस में लगी आग से एलपीजी टैंकर में विस्फोट, 35 लोग झुलसे

» क्वेटा, यूटर्न/ 11 मई।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग इलाके में रविवार को एक कस्टम्स वेयरहाउस में आग लगने के बाद एलपीजी टैंकर में विस्फोट हो गया। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में कम से कम 35 लोग झुलस गए।



'डॉनछ अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को क्वेटा-कराची हाईवे पर स्थित लकपास इलाके के कस्टम्स परिसर में आग लगी। आग तेजी से फैलकर पार्किंग एरिया तक पहुंच गई। वहां कई गाड़ियां इसकी चपेट में आ गईं। देखते ही देखते आग एलपीजी टैंकर तक पहुंच गई, जिससे जोरदार धमाका हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि एलपीजी से भरा एक टैंकर आग की लपटों में आ गया और पार्किंग एरिया में विस्फोट हो गया, जिससे भारी तबाही हुई। इस आग में अरबों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

आग उस गोदाम में लगी थी, जहां कस्टम अधिकारी जब्त किया गया सामान रखते थे, जिसमें कीमती और तस्करी का माल भी शामिल था। देखते ही देखते आग ने कई ट्रकों, दूसरी गाड़ियों और पास में खड़े एलपीजी टैंकर को भी अपनी चपेट में ले लिया। टैंकर में धमाके के बाद हालात और बिगड़ गए। मस्तुंग के डिप्टी कमिश्नर और दूसरे अधिकारी धमाके की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। घटना की जानकारी मिलते ही राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को क्वेटा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, आग इतनी भयानक थी कि उसे बुझाने में काफी मुश्किलें आईं। करीब दस फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी रहीं। तेज हवाओं, आसपास खड़े दूसरे ज्वलनशील टैंकरों और संकरे रास्तों की वजह से राहत कार्य प्रभावित हुआ। अभी तक आग लगने की असली वजह पता नहीं चल पाई है। इससे पहले फरवरी में आई एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की ज्यादातर इमारतों के पास फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट नहीं हैं। कराची के गुल प्लाजा मॉल में हुई भीषण आग की घटना, जिसमें 79 लोगों की मौत हो गई थी, उसके बाद कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) ने इस्लामाबाद की इमारतों में फायर सेफ्टी और सुरक्षा इंतजामों का सर्वे कराया था।

डॉन के मुताबिक, इस सर्वे में 6,500 इमारतों की जांच की गई। सर्वे में पाया गया कि ज्यादातर इमारतों ने फायर सेफ्टी प्लान की मंजूरी नहीं ली थी और उन्हें फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट भी जारी नहीं किए गए थे। इस दौरान 300 सरकारी इमारतों का भी निरीक्षण किया गया।

## बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेगा दक्षिण कोरियाई युद्धपोत, नौसेना ने की पुष्टि

» वाशिंगटन, यूटर्न/ 11 मई।

दक्षिण कोरिया की नौसेना का युद्धपोत अगले दो महीनों में अमेरिका में आयोजित होने वाली फ्लीट रिव्यू और बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेगा। दक्षिण कोरियाई नौसेना ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

नौसेना के आधिकारिक बयान के अनुसार, 4,400 टन वजनी आरओकेएस मुनमु द ग्रेट डिस्ट्रॉयर सोमवार को जेजू द्वीप स्थित नौसैनिक अड्डे से रवाना होगा। यह जहाज 3 से 8 जुलाई तक न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में भाग लेगा। योनहाप न्यूज एजेंसी ने बताया कि इस फ्लीट रिव्यू में कनाडा, ब्रिटेन, जापान और स्पेन सहित लगभग 50 देशों के करीब 100 नौसैनिक जहाज शामिल होंगे। फ्लीट समीक्षा से पहले यह युद्धपोत अगले महीने के अंत में बहुराष्ट्रीय फील्ड ट्रेनिंग में भी हिस्सा लेगा। यह अभ्यास अमेरिका के वर्जीनिया राज्य स्थित नॉरफॉक के पूर्वी तट पर आयोजित होगा, जहां प्रमुख अमेरिकी नौसैनिक अड्डा स्थित है। इस सैन्य अभ्यास की मेजबानी अमेरिकी सेकेंड फ्लीट करेगी, जो अमेरिका के पूर्वी तट और उत्तरी



अटलांटिक महासागर में संचालन के लिए जिम्मेदार है। प्रशिक्षण में ब्राजील, फ्रांस और ब्रिटेन सहित 18 देशों के लगभग 30 नौसैनिक जहाज हिस्सा लेंगे। 'मुनमु द ग्रेट' का नाम प्राचीन सिल्ला साम्राज्य (57 ईसा पूर्व-935 ईस्वी) के एक राजा के नाम पर रखा गया है। यह जहाज मैक्सिको और कोलंबिया के बंदरगाहों पर दक्षिण कोरिया के नौसैनिक जहाजों और हथियार प्रणालियों के प्रचार संबंधी गतिविधियां भी करेगा। वापसी के दौरान यह विध्वंसक कोलंबिया के कार्टाजेना शहर और अमेरिका के सैन डिएगो बंदरगाह पर भी रुकेगा। वहां 1950-53 के कोरियाई युद्ध में दक्षिण कोरिया के साथ लड़ने वाले सैनिकों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## एक अमेरिकी यात्री हंता वायरस पॉजिटिव, दूसरे के लक्षण हल्के

» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 11 मई।

डच क्रूज जहाज एमवी होंडियस सवार का एक अमेरिकी यात्री हंता वायरस वायरस पॉजिटिव पाया गया है, जबकि एक अन्य यात्री में हल्के लक्षण मिले हैं। यह जानकारी अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग ने दी। विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। साथ ही बताया कि एमवी होंडियस पर मौजूद सभी 17 अमेरिकी नागरिकों को विशेष एयरलिफ्ट के जरिए अमेरिका लाया जा रहा है। एहतियातन संक्रमित और संदिग्ध यात्री को विमान के बायोकंटेनमेंट यूनिट में रखा गया है।



तय प्रोटोकॉल के अनुसार, यात्रियों को सबसे पहले नेब्रास्का के ओमाहा स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर/नेब्रास्का मेडिसिन के रीजनल इमर्जिंग स्पेशल पैथोजन ट्रीटमेंट सेंटर (आरईएसपीटीसी) ले जाया जाएगा। इसके बाद हल्के लक्षण वाले यात्री को उसके अंतिम गंतव्य के दूसरे आरईएसपीटीसी में स्थानांतरित किया जाएगा।

विभाग के मुताबिक हर यात्री के पहुंचने पर उसकी चिकित्सकीय जांच होगी और स्थिति अनुसार उचित इलाज और सहायता प्रदान की जाएगी।

शनिवार तक इस प्रकोप से जुड़े आठ संदिग्ध मामले और तीन मौतें सामने आ चुकी थीं। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के मुताबिक, हंता वायरस का ऊष्मायन काल यानी संक्रमण से लक्षण दिखने तक का समय एक से आठ हफ्ते तक हो सकता है। यह वायरस आमतौर पर रोडेंट्स (चूहों आदि) से फैलता है। दुर्लभ मामलों में इंसान से इंसान में भी फैल सकता है। संक्रमितों में मृत्यु दर एक-तिहाई से अधिक बताई जाती है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *